CONSTRUCTION INDUSTRY COUNCIL
建造業議會
कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री काउंसिल

सीमित या परिरुद्ध जगहों में कार्य सुरक्षा (Hindi 印地文)

उत्तम कार्य-प्रथाएँ



सीमित स्थान में काम करने से पहले, किसी सक्षम व्यक्ति को जोखिम का मूल्यांकन करने और सिफ़ारिश करने के लिए नियुक्त किया जाएगा। कार्य-परमिट प्रमाणपत्र जारी करने के बाद, केवल प्रमाणित श्रमिक सीमित जगहों में प्रवेश करेंगे या काम करेंगे।

सीमित स्थान में प्रवेश करने से पहले, यह सुनिश्चित करने के लिए वायुमंडलीय परीक्षण किया जाएगा कि सीमित स्थल प्रमाणित श्रमिकों के प्रवेश के लिए सुरक्षित है।



श्रमिकों को उचित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पहनना चाहिए।



किसी भी प्रमाणित श्रमिक के प्रवेश से पहले सीमित जगह का पर्याप्त शुद्धिकरण किया जाना चाहिए और जगह समुचित रूप से ठंडी और हवादार होनी चाहिए तथा सीमित जगह में खतरनाक गैस, वाष्प, धूल, धुआँ अथवा ठोस या तरल के मुक्त प्रवेश या प्रवाह को रोकने के लिए प्रभावी उपाय किए जाने चाहिएं। इन उपायों में ऐसी सामग्रियों के साथ पाइपलाइन और सेवा पाइपों को बंद करना शामिल हैं जो स्वास्थ्य के लिए खतरे का कारण बन सकती हैं।



सुलभ उपयोग के लिए उपयुक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण तथा बचाव उपकरण उपलब्ध कराए जाएँगे और उनका रखरखाव किया जाएगा।

श्रमिकों को जीवन-रेखा से जुड़े उपयुक्त सुरक्षा साज-सामान का उपयोग करना चाहिए जो उन्हें खींचने में सक्षम रूप से पर्याप्त मजबूत होना चाहिए और उसका मुक्त सिरा ऐसे व्यक्ति के हाथ में होना चाहिए, जो सीमित स्थान के बाहर हो और उसमें पर्याप्त शारीरिक शक्ति होनी चाहिए कि वह आपात स्थिति में सीमित जगह से श्रमिक को बाहर खींचने में सक्षम हो। उस व्यक्ति को पूरे काम के दौरान सीमित जगह के बाहर मौजूद रहना चाहिए।

अस्वीकरण (डिस्क्लेमर)

हालांकि इस प्रकाशन में निहित जानकारी की सटीकता सुनिश्चित करने हेतु उचित प्रयास किए गए हैं, फिर भी CIC पाठकों को, जहाँ भी संभव हो, अपने पेशेवर सलाहकारों से उचित स्वतंत्र सलाह प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करती है और पाठक कोई प्रासंगिक कार्रवाई करने के लिए इस प्रकाशन को ऐसी पेशेवर सलाह का स्थानापन्न न मानें या इस पर निर्भर न करें।

© 2014 कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री काउंसिल।

पता : 38/F, COS Centre
56 Tsun Yip Street, Kwun Tong, Kowloon
टेलीफ़ोन : (852) 2100 9000
फ़ैक्स : (852) 2100 9090
ईमेल : enquiry@cic.hk

नं. P-CSY-003-14-H